भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 308
गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

निःशुल्क पर्यटक वीजा की कम मांग

308. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि मार्च, 2021 में घोषित 5 लाख निःशुल्क पर्यटक वीजा में से ऐसे केवल कुछ हजार वीजा जारी किए जा सके;

(ख) यदि हाँ, तो पर्यटक वीजा के निःशुल्क होने के बावजूद देश के लिए इनकी कम मांग के पीछे क्या कारण है;

(ग) क्या कुल जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में देश में टीकाकरण की कम दर ही पर्यटकों के देश में आने से हतोत्साहित हो जाने का कारण है; और

(घ) यदि नहीं, तो पर्यटकों के देश में नहीं आने के पीछे मुख्य कारण क्या हैं और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) गृह मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 6 अक्टूबर से 21 जनवरी, 2022 तक कुल 56,392 सामान्य पर्यटक वीज़ा और 111,141 ई-पर्यटक वीज़ा जारी किये गए हैं।

(ख) से (घ) देश में पर्यटक वीजा की कम मांग के प्रमुख कारण निम्नानुसार हैं:

(i) पर्यटक वीजा (ई-पर्यटक वीजा सहित) 06 अक्टूबर, 2021 को या उसके बाद जारी किया गया है। इसके अलावा, विश्व भर में कोविड -19 स्थिति का हवाला देते हुए और भारत में पर्यटन के पुनरुद्धार के लिए, सरकार ने विदेशी नागरिकों को 15 अक्टूबर, 2021 से और व्यक्तिगत विदेशी नागरिकों के लिए 15 नवंबर, 2021 से चार्टर्ड उड़ानों (केवल समूह पर्यटन के लिए) के माध्यम से ई-पर्यटक वीजा/पर्यटक वीजा पर पर्यटन के उद्देश्य से भारत में प्रवेश करने की अनुमति दी है।

(ii) सामान्य उड़ानें जो 15 दिसंबर, 2021 से चालू होनी थी, उन्हें नए कोविड -19 संस्करण, ओमीक्रोन के मद्देनजर स्वास्थ्य संबंधी एहतियाती उपायों और स्वास्थ्य एवं परिवार

कल्याण मंत्रालय और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के दिशानिर्देशों/सिफारिशों का हवाला देते हुए बंद कर दिया गया है।

(ii) विदेशी पर्यटक वर्तमान में देशों के साथ एयर-बबल व्यवस्था के तहत संचालित उड़ानों से ही भारत की यात्रा कर रहे हैं।

(iii) भारत पर्यटन के लिए प्रमुख पर्यटन स्रोत बाजार कोविड संस्करण के प्रकोप से जूझ रहे हैं और उन्होंने यात्रा को प्रतिबंधित कर दिया है ।

सरकार को आशा है कि एक बार जब महामारी का खतरा कम हो जाएगा और स्थिति सामान्य हो जाएगी, तो इनबाउंड पर्यटन पुनः प्रारम्भ हो जाएगा ।

******